# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ‘कृष्ण कुंज’का किया लोकार्पण

## चर्चा में क्यों?

19 अगस्त, 2022 को भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के तेलीबांधा में विकसित किये गए ‘कृष्ण कुंज’का लोकार्पण किया।

## प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि जन्माष्टमी पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी योजना के रूप में पूरे प्रदेश में ‘कृष्ण कुंज’की शुरुआत की गई है, जिसके तहत प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के 162 चयनित स्थानों पर सांस्कृतिक, धार्मिक और जीवनोपयोगी पेड़ लगाए जाएंगे।
- प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में न्यूनतम एक एकड़ की भूमि में सांस्कृतिक महत्त्व के जीवन उपयोगी वृक्षों का रोपण करते हुए ‘कृष्ण कुंज’विकसित किया जा रहा है। इसके लिये नगरीय प्रशासन जमीन उपलब्ध कराएगी।
- इसका उद्देश्य लुप्त हो रहे धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्त्व के वृक्षों का संरक्षण और आने वाली पीढ़ी को इनसे और इनके महत्त्व से परिचित कराना है।
- ‘कृष्ण कुंज’में धर्मिक महत्त्व के वृक्ष बरगद, पीपल, आँवला, कदंब के साथ-साथ जीवनोपयोगी हर्रा, नीम, आम, इमली, बेर, गंगा इमली, जामुन, गंगा बेर, शहतूत, तेंदू, चिरौंजी, अनार, कैथा, नीम, गुलर, पलास, अमरूद, सीताफल तथा बेल के वृक्षों का रोपण किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-bhupesh-baghel-inaugurated-krishna-kunj